पत्रांक–2प / पं०स०भ० / 09–25 / 2024 / 6828 / पं०रा०

**बिहार सरकार**

**पंचायती राज विभाग**

प्रेषक,

**नजर हुसैन,**
अपर सचिव

सेवा में,

**सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी,**
बिहार।

पटना, दिनांक 30 / 5 / 2025

**विषय :– पंचायत सरकार भवन से संबंधित सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु निम्न बिन्दुओं पर प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जायः–

1. वैसे पंचायतों की सूची जो नदी के दोनों बांधों के बीच अवस्थित है और वहाँ पंचायत सरकार भवन का निर्माण नहीं किया जा सकता है।

2. पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि का आयाम 130 X 100 निर्धारित किया गया है। उक्त आयाम की भूमि उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में कम से कम 100 X 90 या 110 X 80 आयाम की भूमि उपलब्ध करायी जानी है, परन्तु कतिपय जिला पदाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त आयाम की भूमि (100 X 90 या 110 X 80) भी ग्राम पंचायत में उपलब्ध नहीं है। इस स्थिति में वैसे पंचायतों की सूची (भूमि विवरणी एवं आयाम सहित) उपलब्ध कराया जाय।

विश्वासभाजन

(नजर हुसैन)
अपर सचिव

**ज्ञापांकः**– 2प / पं०स०भ० / 09–25 / 2024 6828 पं०रा०पटना, दिनांक 30 / 5 / 2025

प्रतिलिपिः– प्रभारी पदाधिकारी, अनुश्रवण कोषांग, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को निदेशित किया जाता है कि उपरोक्त बिन्दुओं से संबंधित प्रतिवेदन जिलावार प्राप्त कर समेकित प्रतिवेदन प्रशाखा–02 को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

(नजर हुसैन)
अपर सचिव

**ज्ञापांकः**2प / पं०स०भ० / 09–25 / 2024 6828 पं०रा०पटना, दिनांक 30 / 5 / 2025

प्रतिलिपिः– आई टी० मैनेजर, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(नजर हुसैन)
अपर सचिव